भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भावना संदेश

## अधिवेशन–अंक : 2026

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति की त्रैमासिक पत्रिका

भावना

वरिष्ठ नागरिकों व निर्बल एवं असहायजनों के हितों को समर्पित
अखिल भारतीय समाजसेवी समिति

# भावना का संरक्षक मण्डल


| | |
|---|---|
| पद्‌मभूषण श्री विजय कृष्ण शुंगलू,<br>भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (निवर्तमान),<br>अब अध्यक्ष, दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी,<br>फोन : **0120-2513838/9810711820**,<br>ई. मेलः **vkshunglu@yahoo.co.in** | पदमश्री प्रो० महेन्द्र सिंह सोढा,<br>पूर्व उप कुलपति इन्दौर, लखनऊ<br>एवं भोपाल विश्वविद्यालय,<br>फोन : **0522-2788033**<br>ई.मेलः **msodha@rediffmail.com** |
| न्यायमूर्ति श्री कमलेश्वर नाथ,<br>न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय,<br>फोन : **0522-2789033/9415010746**,<br>ई. मेलः **justicekn@gmail.com** | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार खरे, अध्यक्ष (से.नि.), रेलवे बोर्ड, भारत,<br>फोन : **0532 2624020/9335157680**,<br>ई.मेलः **kharegk.ald@gmail.com** |
| न्यायमूर्ति श्री दिनेश कुमार त्रिवेदी, न्यायाधीश (से.नि.),<br>इलाहाबाद उच्च न्यायालय,<br>फोनः **0522-2302591/9415152086** | श्री अरूण कुमार वशिष्ठ,<br>अध्यक्ष (से.नि.), उ.प्र. राज्य विद्युत परिषद,<br>फोनः **0522-4064325/9335025733/7007538757** |
| श्री अशोक कुमार पाण्डेय, ब्रिगेडियर(से.नि.), भारतीय सेना,<br>फोन : **0522-4956284/9335908169**,<br>ई.मेलः **docpandey@yahoo.com** | संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ल, मुख्य महाप्रबन्धक (से.नि.), उ.प्र. पावर कॉर्पोरेशन लि.,<br>पी. **4-403**, चन्द्रा पैनोरमा, सुशांत गोल्फ सिटी,<br>शहीदपथ, लखनऊ-**226030**<br>फोन : **0522-4016048/09335902137**,<br>ई.मेलः **vk_shukla@hotmail.com** |
| संस्थापक सदस्य श्री हरिवंश कुमार तिवारी, मुख्य अभियन्ता (से.नि.), लोक निर्माण विभाग, उ.प्र.,<br>एल-**901**, अजमेरा इन्फिनिटी, नीलाद्री रोड, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, फेज-**1**, बंगलूरू-**560100**<br>फोन : **07259938899**,<br>ई.मेलः **harivanshsavitri@gmail.com** | श्री अजय प्रकाश वर्मा, आई.ए.एस. (से.नि.),<br>पूर्व मुख्य सचिव, उ.प्र. सरकार,<br>फोन : **0522-2395195/9415402554** |
| न्यायमूर्ति श्री घनश्याम दास अग्रवाल,<br>पूर्व अध्यक्ष, नेशनल इन्डस्ट्रियल ट्रिब्युनल, मुम्बई,<br>न्यायाधीश(से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय,<br>फोन : **0522-2309327** | न्यायमूर्ति श्री करण लाल शर्मा, न्यायाधीश (से.नि.),<br>इलाहाबाद उच्च न्यायालय,<br>फोन : **0522-2997299/2398857/9415560824**,<br>ई. मेलः **sunil.sharma.lko@gmail.com** |
| श्री ओम् नारायण, निदेशक (से.नि.), कोषागार, उ.प्र.,<br>फोनः **0522-3013010/9415515647**,<br>ई.मेलः **omnarayan@hotmail.com** | श्रीमती सुनन्दा प्रसाद,<br>आई.ए.एस.(से.नि.), पूर्व अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ.प्र.,<br>फोनः **9839211040**,<br>ई.मेलः **prasad_sunanda@hotmail.com** |
| श्री जय शंकर मिश्र, आई.ए.एस.(से.नि.),<br>पूर्व आयुक्त, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार,<br>फोनः **0522-2394224/8765699999**,<br>ई.मेलः **jsmishralko@gmail.com** | श्री भानू प्रताप सिंह, पूर्व पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०<br>फोन : **0522-3533943, 9415088142**<br>ई.मेलः **bpsinghips@gmail.com** |
| श्री अनूप चन्द्र पाण्डेय, आई.ए.एस.(से.नि.),<br>पूर्व मुख्य सचिव एवं लोकायुक्त, उ०प्र०<br>मो० : **8948113113**<br>ई.मेलः **acp.in@yahoo.com** | संस्थापक सदस्य श्री सुशील शंकर सक्सेना, अधीक्षण अभियन्ता (से.नि.), सिंचाई विभाग, उ.प्र.,<br>सी.-**1103**, इंदिरा नगर, लखनऊ-**226016**,<br>फोन : **0522-2350763/09415104198**,<br>ई.मेलः **sushilshanker2003@yahoo.com** |
| संस्थापक सदस्य श्री कृष्ण देव कालिया,<br>अधिशासी अभियन्ता(से.नि.),<br>उ.प्र. राज्य विद्युत परिषद,<br>**3/371**, विश्वास खण्ड, गोमती नगर,<br>लखनऊ-**226010**<br>फोन : **0522-2309245/0995628786** | |

(सदस्यों में केवल आन्तरिक वितरण हेतु)

# भावना संदेश

वर्ष–26 अंक–05 जनवरी 2026

## सम्पादन समिति

इं0 अमर नाथ — प्रधान संपादक
प्रो0 (डॉ0) राम सजीवन शुक्ल — सम्पादक
प्रो0 (डॉ0) अवनीश अग्रवाल — सह सम्पादक
श्री आदित्य प्रकाश सिंह — सह सम्पादक

## प्रकाशक

**भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति**

**पंजीकृत कार्यालय–** पी 2/1010, चन्द्रा पैनोरमा, सुशान्त गोल्फ सिटी,
शहीद पथ, लखनऊ – 226030, दूरभाषः 9335902137
**प्रशासनिक कार्यालय (पत्राचार हेतु)** अध्यक्ष 2/518 विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
प्रमुख महासचिव : एफ 909, शालीमार गैलेंट, महानगर, लखनऊ
पंज़ीकरण संख्याः 666/2000–01
वेबसाइट : **www.bhavanaindia.org**
ई–मेल : welcome@bhavanaindia.org
**Facebook page : Bharatiya Varishtha Nagrik Samiti**
**Bhavana Google Group : bhavanamembers@googlegroups.com**

## मुद्रक

**श्री केशव प्रिंट प्वाइंट**
**जी–7, आरिफ चैम्बर्स, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ**
**मो. : 9335532342**
**ईमेल : hariom.printingpress9@gmail.com**

## भावना का संकल्प गीत

**भावना** सहयोग, सेवा, स्वावलम्बन से चले,
**भावना** की राह में संकल्प का दीपक जले।
**भावना** में डूब के इतने सहिष्णु हम हुए,
आस्था, विश्वास के साँचे में हम फिर–फिर ढले।
**भावना** ये है बुजुर्गों को किसी भी हाल में,
इस बदलते दौर की तल्ख़ी न रत्ती भर खले।
**भावना** का एक ही सन्देश है सबके लिए,
शेष जीवन भर कोई अब जिन्दगी को न छले।
विश्व में इक मंच देने को वरिष्ठों के लिए,
**भावना** की 'शान्त' पलकों पे कई सपने पले।

***– इं. देवकी नन्दन 'शान्त'***

---

### भावना सूत्र वाक्य

सन्देश नहीं मैं यहाँ स्वर्ग का लाया।
इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया।।

***– श्री मैथिली शरण गुप्त***

## अनुक्रम

| क्र. | विषय | पृ.सं. |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |
| 6 | | |
| 7 | | |
| 8 | | |
| 9 | | |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |
| 18 | | |
| 19 | | |
| 20 | | |
| 21 | | |

### भावना के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मोबाइल नं.

| पद | नाम | मो. नं. |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | श्री रामलाल गुप्ता | 9335231118 |
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | श्री तुंग नाथ कनौजिया | 9936942923 |
| उपाध्यक्ष प्रथम | श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला | 9198038889 |
| उपाध्यक्ष द्वितीय | श्री अशोक कुमार मल्होत्रा | 9451133617 |
| प्रमुख महासचिव | श्री सुधीर कुमार वर्मा | 9415084699 |
| महासचिव (प्रशासन) | श्री जगमोहनलाल जायसवाल | 9450023111 |
| महासचिव (कार्यान्वयन) | श्री प्रभात किरण चौरसिया | 9451244670 |
| महासचिव (एडवोकेसी) | श्री सतपाल सिंह | 9839043458 |

## संपादकीय

# जिह्वायां च सरस्वती

श्री दुर्गासप्तशत्यां देव्याः कवचम् श्लोक 24

लेखन, प्रकाशन और सम्पादन के कार्य प्रायः कठिन होते ही हैं परन्तु जब यह दायित्व बुजुर्गों पर हो तो कठिनतर होने की सम्भावनाएँ बढ़ जाती हैं।

भावना बुजुर्गों का परिवार है। इस परिवार में कई बुजुर्ग अस्सी–पच्चासी वर्ष की आयु पूर्ण कर शतायु की ओर अग्रसर हैं। परमेश्वर से प्रार्थना है कि भावना के सभी बुजुर्ग साथी स्वस्थ, निरोग और सदाचारपूर्ण कर्तव्यनिष्ठ जीवन के साथ एक सौ वर्ष की आयु पूर्ण करें।


'भावना संदेश' के द्वारा आप प्रत्येक त्रैमासिक सूचनाएँ भावना द्वारा किए गए सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक गतिविधियों का विवरण सहजता से प्राप्त कर लेते हैं।

'भावना' लखनऊ शहर से दूर ग्रामीण अंचलों में निर्बल एवं असहायजनों को शीतकाल (नवम्बर और जनवरी) में ऊनी कम्बल वितरित करने के लिए 10 शिविरों का आयोजन करती है। प्रत्येक शिविर में एक सौ लाभार्थियों को एक–एक ऊनी कम्बल प्रदान किया जाता है। इस प्रकार कुल 10 शिविरों में 1000 कम्बल बांटे जाते हैं। इन्हीं शिविरों में भावना परिवार के सदस्य पहनने लायक पुराने ऊनी व सूती कपड़े भी लाभार्थियों में वितरित करते हैं।

शहर के अशासकीय (अननुदानित) परन्तु मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के मेधावी छात्र/छात्राओं को फीस के रूप में विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा सहायता अपने स्थापना वर्ष से ही वहन करती आ रही है।

भावना द्वारा संचालित अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र में 76वाँ भारतीण गणतंत्र दिवस बड़ी ही भव्यता के साथ दिनांक 26 जनवरी 2026 को मनाया गया। जिसका मनहर विवरण कार्यक्रम के संयोजक श्री संतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी की उदार लेखनी से निःसृत पृष्ठ सं0 ........... पर मुद्रित है।

रंगों का त्योहार 'होली' आप के जीवन में इन्द्र धनुष की भाँति सतरंगी छटा बिखेर दें। इन्हीं मंगल कामनाओं के साथ।



**प्रोफेसर/डॉ0 राम सजीवन शुक्ल**

# विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर 2025

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति, भावना, आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय एवं एस.सी. त्रिवेदी स्मारक ट्रस्ट अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें निर्धन, निर्बल, असहाय एवं अन्य सभी वर्ग के रोगियों का निःशुल्क निरीक्षण एवं निदान किया जाता है। इस वर्ष (2025) में गत वर्षों की भांति एक विशाल चिकित्सा शिविर, मोहिबुल्लापुर लखनऊ, के बाल निकुंज इण्टर कालेज के प्रांगण में दिनांक 14 दिसम्बर 2025 (रविवार) को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम लाल गुप्ता अध्यक्ष भावना एवं मंच संचालन श्री जगमोहन लाल जायसवाल, महासचिव प्रशासन द्वारा किया गया।

शिविर के उद्घाटन समारोह में माननीय श्री नीरज बोरा (विधायक) तथा श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रान्तीय उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासंघ, विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि नामित मा0 श्री बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने अति व्यस्त कार्यक्रम के कारण शिविर में पहुँचने हेतु असमथर्ता जताई। अतः विशिष्ट अतिथियों के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। सर्वप्रथम सम्माननीय अतिथियों मा0 श्री नीरज बोरा (विधायक) श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह जी, श्री रामलाल गुप्ता अध्यक्ष भावना, श्री विनोद कुमार शुक्ला संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य, श्री सुधीर कुमार वर्मा प्रमुख महासचिव भावना, डा0 अभिषेक शुक्ला अध्यक्ष आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय, डा0 ए0के0 शुक्ला पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए0के0 शुक्ला, डा0 संदीप कुमार पूर्व प्रोफेसर एम्स भोपाल, श्री हृदय नारायण जायसवाल प्रबन्धक बाल निकुंज इण्टर कालेज को मंच पर आसन ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात् भारतीय परम्परानुसार सभी मान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के उपरान्त सभी अतिथियों एवं मंचासीन महानुभावों को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्रम् भेंट देकर सम्मानित किया गया। तदोपरान्त सभी उपस्थित महानुभावों द्वारा खड़े होकर भावना संकल्प गीत का सस्वर गायन किया गया। इसके उपरान्त बाल निकुंज कालेज की छात्राओं द्वारा संगीतमय स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। ढोलक पर उनके विद्यालय के अध्यापक महोदय ने साथ दिया।

स्वागत गान के उपरान्त भावना के अध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों मंचासीन महानुभावों शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों उनके सहयोगियों तथा अन्य उपस्थित जनों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मा0 श्री नीरज बोरा (विधायक) ने सभा को संबोधित करते हुए, भावना, आस्था तथा एस.सी. त्रिवेदी स्मारक चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित शिविर के आयोजन को रचनात्मक एवं उपयोगी बताया तथा प्रायोजक सस्थाओं के कार्यों की भूरि– भूरि प्रशंसा की। उनके द्वारा इंगित किया गया कि हमारे माता–पिता या बुजुर्ग जो अपने सपने व सुनहरे दिनों का बलिदान देकर हमारे जीवन को आकार देते हैं, उनकी देखभाल कैसे करनी है का सुझाव तथा प्रेरणा प्रदान की। इसके पश्चात् माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार ने सभा को संबोधित किया और उन्होंने इस कल्याणकारी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हएु आयोजकों की सराहना की। श्री विनोद कुमार शुक्ल संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक भावना द्वारा संबोधित करते हुए भावना की स्थापना से अब तक की

कार्यवृत्ति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

आस्था वृद्धरोग चिकित्सालय के संस्थापक एवं निदेशक डा0 अभिषेक शुक्ला ने शिविर को संबोधित करते हुए ठंड शुरू होने से पहले होने वाली बीमारियों तथा वृद्धाश्रम में होने वाले वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी, तथा वृद्धावस्था में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने के व्यवहारिक उपाय साझा किये।

तत्पश्चात विश्व हिन्दू महासभा के प्रान्तीय उपााध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह समाज को जागृत करने का कार्य कर रहे हैं और यह गरीबों तथा बीमारों का निःशुल्क परीक्षण एवं चिकित्सा का कार्य लोक कल्याणकारी और सराहनीय है।

सभा को डा0 ए0के0 शुक्ला पूर्व मुख्य चकित्सा अधिकारी डा0 संदीप कुमार पूर्व संस्थापक एवं पूर्व निदेशक एम्स भोपाल, श्री सुधीर कुमार वर्मा प्रमुख महासचिव भावना, श्री सुशील शंकर सक्सेना वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संरक्षक, श्री हृदय नारायण जायसवाल प्रबंधक बाल निकुंज इंटर कालेज तथा अन्य अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित किया और कार्यक्रम की उपयोगिता एवं आवश्यकता निरूपित करते हुए, सुन्दर, सुव्यवस्थित एव सफल आयोजन की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

भावना द्वारा प्रतिवर्ष कुछ चयनित विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है तथा संबधित राशि के चैक किसी समारोह में वितरित किये जाते हैं इस बार यह चैक चिकित्सा शिविर के उद्घाटन समारोह में माननीय नीरज बोरा जी (विधायक) के कर कमलों द्वारा वितरित कराये गये, जिसमें छात्रा आकृति मौर्य को बी0टेक0 की पंचम सेमेस्टर की शिक्षा हेतु रू0 62850.00, छात्रा कु0 अनमोल श्रीवास्तव को डिप्लोमा (मेकेनिकल इंजीनियरिग) तृतीय वर्ष हेतु 18930.00, छात्र श्री सौरभ गौतम को बी. एस.सी तृतीय वर्ष हेतु रू0 6000.00, कु0 ज्योति यादव को बी0ए0 द्वितीय वर्ष हेतु रू0 6000.00, व कु0 आशा सोनवानी (बी.एस.सी. प्रथम वर्ष हेतु रू0 5590.00 की राशि प्रदान की गई।

शिविर का आयोजन प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक हुआ, मरीजों का पंजीकरण प्रातः 9.00 बजे से प्रारम्भ हो गया था। लगभग 30 स्टाल बनाये गये थे, जिनमें जांच तथा चिकित्सा परामर्श का स्टालवार विवरण निम्नानुसार है –

स्टाल नं. 1 पंजीकरण काउण्टर : सभी लाभार्थियों का पंजीकरण आवश्यक था तथा पंजीकरण के बाद वह किसी भी काउण्टर पर आवश्यक जांच करवा सकता था।

स्टाल नं. 2 ब्लड शुगर की जांच :

स्टाल नं. 3 यूरिक एसिड की जांच

स्टाल नं. 4 कोलस्ट्रॉल की जांच

स्टाल नं. 5 लिपिड प्रोफाइल की जांच

स्टाल नं. 6 प्रोस्टेड कैंसर (पी.एस.ए.) की जांच

स्टाल नं. 7 लीवर फंक्शन टेस्ट (एल.एफ.टी.)

स्टाल नं. 8 ब्लड ग्रुप की जांच

स्टाल नं. 9 थायराइड की जांच

स्टाल नं. 10 विटामिन डी–3 टेस्ट

स्टाल नं. 11 बी.एम.डी. टेस्ट

स्टाल नं. 12 **बॉडी कम्पोजीशन एनालिसिस**–शरीर में फैट का प्रतिशत, मसल–मास, एवं समग्र स्वास्थ्य का विश्लेषण।

स्टाल नं. 13 **डेन्टल चेकअप**– निःशुल्क दातों की जांच तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श डॉ सुधान्शु अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया।

स्टाल नं. 14 **ट्राई फार वाक**– फिजियोथेरेपी

स्टाल नं. 15 **अमेलियो हास्पिटल** – भावना के महासचिव कार्यान्वयन श्री प्रभात किरण चौरसिया जी के पुत्र डा0 प्रसून कान्त (श्वसन रोग विशेषज्ञ), तथा पुत्रवधू डा0 स्नेहा चौरसिया (श्वसन रोग विशेषज्ञ) द्वारा निःशुल्क ओ.पी.डी. सुविधा प्रदान की गयी। विशेषता यह है कि श्री चौरसिया जी ने अपने पुत्र एवं पुत्रवधू को प्रेरणा देकर अमेलियो हॉस्पिटल का स्टाल लगवाया तथा अपनी ट्रस्ट की ओर से रू0 10,000/– (रू. दस हजार मात्र) का अनुदान भी दिलवाया।

स्टाल नं. 16 **भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति 'भावना' कार्यालय**–पूर्ण कार्यक्रम का संचालन पूरे क्षेत्र के सभी स्टालों की व्यवस्था प्रबन्धन तथा नाश्ता, भोजन एवं अपरान्ह चाय की व्यवस्था एवं मरीजों का मार्गदर्शन किया गया।

**कालेज के दो कक्ष** – डा0 अभिषेक शुक्ल द्वारा लिखी गयी कम से कम एक सप्ताह की दवाओं का वितरण

स्टाल नं. 17 **आस्था अस्पताल ओ.पी.डी.**– आस्था अस्पताल के संस्थापक एवं निदेशक तथा वृद्ध रोग विशेषज्ञ डा0 अभिषेक शुक्ला द्वारा कैम्प में की गयी जाचों के आधार पर दवाओं का निर्धारण एवं वितरण कराया गया।

स्टाल नं. 18 **एस0सी0 त्रिवेदी स्मारक ट्रस्ट अस्पताल** – डा0 अमिता शुक्ला चेयरपरसन द्वारा स्त्री रोग सम्बन्धी निःशुल्क ओ.पी.डी. सुविधा प्रदान की गयी।

स्टाल नं. 19 **अपोलो मेडिक्स**– ओ.पी.डी. सुविधा।

स्टाल नं. 20 **अपोलो हॉस्पिटल विशेषज्ञ परामर्श**– अपोलो हॉस्पिटल के निम्नलिखित विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया।

| | |
|---|---|
| डा0 आयुष गर्ग | – रेडिएश्न ऑंकोलॉजिस्ट |
| डा0 विदित सिंह | – मनोरोग विशेषज्ञ |
| डा0 साद मोहम्मद | – ऑर्थो एवं स्पाइन विशेषज्ञ |
| डा0 विशाल सिंह | – न्यूरोलोजी विशेषज्ञ |
| डा0 मिस अनीता | – नेत्र रोग विशेषज्ञ |

स्टाल नं. 21 **एक्यूपंचर चिकित्सा** – डा0 पार्थ प्रोतिम की टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की गयी।

स्टाल नं. 22 **होम्योपैथिक** – श्रीराम आयुष केन्द्र देवरई बी.के.टी. के डा. निखिल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा तथा दवाइयां प्रदान की गयीं।

स्टाल नं. 23 **एक्यूप्रेशर** – श्रीराम आयुष केन्द्र देवरई बी.के. टी. के डा0 पी.के. मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा एक्यूप्रेशर की चिकित्सा प्रदान की गयी।

स्टाल नं. 24 **आयुर्वेद** – श्रीराम आयुष केन्द्र देवरई बी.के. टी. की डा0 आस्था मिश्रा व उनकी टीम द्वारा आयुर्वेद की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की गयी।

स्टाल नं. 25 **न्यूरोफिजियोथेरेपी**– इसके विशेषज्ञ दो डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा प्रदान की गयी।

स्टाल नं. 26 FIBROSCAN मशीन द्वारा लीवर की जांच की गई।

स्टाल नं. 27 **हृदय की जांच**– ई.सी.जी. मशीन द्वारा हृदय की जांच की गई।

स्टाल नं. 28 **मूत्र प्रवाह की जांच**– यूरोफ्लोमीटर मशीन द्वारा प्रोस्टेट की चिकित्सा हेतु मूत्र प्रवाह की जांच की गई।


स्टाल नं. 29 **वायजर विल**– इच्छुक लोगों को वसीयत लिखने की आवश्यकता तथा लेखन की विधि समझाई गयी।

स्टाल नं. 30 **आयुष्मान कार्ड** : आस्था वृद्ध रोग अस्पताल की सुश्री रागिनी तथा उनकी टीम द्वारा इच्छुक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

शिविर में 760 मरीजों के पंजीकरण हुए, जिनका परीक्षण एवं इलाज किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवा देने वाले डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ के लिए आयोजकों द्वारा जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गयी। सांय 4.00 बजे कार्यक्रम के अन्तिम सोपान में सभी डॉक्टरों एवं उनके स्टाफ हेतु चाय एवं बिस्कुट की व्यवस्था भी की गयी।

इस प्रकार आयोजित यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर अत्यन्त सफल रहा। विविध चिकित्सकीय जांच, विशेषज्ञ परामर्श तथा विभिन्न प्रकार की वैकल्पिक चिकित्सा सेवाओं की सुविधा एक मंच पर उपलब्ध कराकर यह शिविर समाज के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हुआ। इस प्रकार आयोजित शिविर के सभी सेवादाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम सायं 5.00 बजे सम्पन्न हुआ।





जगमोहन लाल जायसवाल

महासचिव प्रशासन

भावना-बुजुर्गों का परिवार

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी समिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत/पंजीयन संख्या : 662/2000-01

**पंजीकृत कार्यालय : पी2-1010, चंद्रा पैनोरमा, सुशांत गोल्फ सिटी, शहीद पथ, लखनऊ-226030, उ.प्र., भारत**
**फोनः +91-9335902137, वेबसाइटः www.bhavanaindia.org, ई.मेल.: bhavanasindia@gmail.com**

## प्रबन्धकारिणी की बैठक एवं नववर्ष पिकनिक की सूचना

अध्यक्ष महोदय की सहमति से प्रबन्धकारिणी के सभी निर्वाचित आमंत्रियों संरक्षक सदस्यों, विशिष्ट सदस्यों तथा सम्बद्ध संस्थाओं के अधिकृत प्रतिनिधियों एवं विशेष आमंत्रियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रबन्धकारिणी की आगामी बैठक निम्नलिखित विवरणानुसार होगी।

क. **बैठक का दिनांक एवं समयः** शनिवार दिनांक 17 जनवरी 2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे।

ख. **बैठक का स्थानः** हाइडिल आफिसर्स क्लब, गोमतीनगर, मंत्री आवास के बगल में।

ग. **बैठक का एजेण्डा :**

1. अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत तथा अभिनन्दन।
2. प्रबन्धकारिणी की 12 अक्टूबर 2025 की कार्यवाही के विवरण का विचारोपरान्त अनुमोदन।
3. संस्था को जागरूक तथा आर्थिक सुधार करने के लिये सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया जायेगा तथ पूर्व निर्णय कि प्रबन्धकारिणी का प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम दो नये सदस्य बनायेगा की समीक्षा।
4. भावना के सभी प्रकोष्ठो ं द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा
5. दिनांक 14.12.2025 को आयोजित चिकित्सा शिविर की समीक्षा।
6. भावना की शाखाओं की प्रगति पर समीक्षा।
7. एन.सी.आर. नोएडा में वृद्धाश्रम के निर्माण पर विचार।
8. फरवरी 2026 में आयोजित किये जाने वाले सामान्य सभा (महाधिवेशन) के आयोजन पर तथा अधिवेशन म ें होने वाले व्यय पर विचार–विमर्श।
9. भावना के वास्तविक आय–व्यय तथा प्रस्तावित बजट पर चर्चा।
10. प्रमुख महासचिव के सामान्य सभा में प्रस्तुत किये जाने वाले वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार विमर्श तथा अनुमोदन।
11. गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अनौपारिक शिक्षा केन्द्र पर ध्वजारोहण पर विचार विमर्श (कम्बल वितरण तथा बच्चा ें को दिये जान े वाले गिफ्ट पर विचार विमर्श)।
12. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।
13. अध्यक्ष महोदय का उद्बोधन।
14. वरिष्ठ उपाध्यक्ष / उपाध्यक्ष–1 द्वारा आभार प्रदर्शन तथा बैठक की समाप्ति की घोषणा तथा भोजन हेतु आमंत्रण।



(जग मोहन लाल जायसवाल)
महासचिव प्रशासन

प्रतिलिपि निम्नलिखित को :

1. सभी निर्वाचित, आमंत्रित, संरक्षक सदस्य, विशिष्ट सदस्य तथा सम्बद्ध संस्थाओं के अधिकृत प्रतिनिधियों एवं विशेष आमंत्री।
2. प्रबन्धकारिणी की विगत बैठक के बाद से अब तक बने सदस्य।
3. अध्यक्ष / महासचिव एन0सीआर0 शाखा, ओबरा शाखा उन्नाव शाखा तथा येडा शाखा।

## ''हंसना मना है''



संकलनकर्ता
**इं. जग मोहन लाल जायसवाल**
**महासचिव प्रशासन**

**जैसलमेर से बीकानेर बस रुट पर.बीच में एक बड़ा सा गाँव है जिसका नाम है नाचने.**

वहाँ से बस आती है तो लोग कहते है कि नाचने वाली बस आ गयी.

**कंडक्टर भी बस रुकते ही चिल्लाता है ..**

**नाचने वाली सवारियाँ उतर जाएं बस आगे जाएगी.**

एक नौजवान अधिकारी जैसलमेर आया , रात बहुत हो चुकी थी, वह सीधा थाने पहुँचा और डयूटी पर तैनात सिपाही से पूछा – थानेदार साहब कहाँ हैं ?

सिपाही ने जवाब दिया– थानेदार साहब नाचने गये हैं..

अफसर का माथा ठनका, उसने पूछा डिप्टी साहब कहाँ हैं..?

सिपाही ने विनम्रता से जवाब दिया–

हुकुम डिप्टी साहब भी नाचने गये हैं..

अफसर को लगा सिपाही पिन्नक में है, उसने एसपी के निवास पर फोन किया।

एस.पी. साहब हैं ?

जवाब मिला नाचने गये हैं..!!

लेकिन नाचने कहाँ गए हैं, ये तो बताइए ?

बताया न नाचने गए हैं, सुबह तक आ जायेंगे।

कलेक्टर के घर फोन लगाया वहाँ भी यही जवाब मिला, साहब तो नाचने गये हैं..

अफसर का दिमाग खराब हो गया, ये हो क्या रहा है

पास खड़ा मुंशी ध्यान से सुन रहा था तो वो बोला – हुकुम बात ऐसी है कि दिल्ली से आज कोई मिनिस्टर साहब नाचने आये हैं।

इसलिये सब अफसर लोग भी नाचने गये हैं..!!

.................................

**डॉ0. एन. शिवा**
**(सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट)**
**दिग्विजय कोठारी**

1. मान लीजिए शाम के 7:45 बज रहे हैं और आप काम पर बहुत थका देने वाले दिन के बाद (अकेले) घर जा रहे हैं।
2. आप बहुत थका हुआ, उदास और निराश महसूस कर रहे हैं।
3. अचानक, आपको सीने में तेज दर्द महसूस होने लगता है, जो आपके हाथ और फिर आपके जबड़े तक फैल जाता है। आप सबसे पास के हॉस्पिटल से सिर्फ 5 किमी दूर हैं।
4. बदकिस्मती से, आपको पक्का नहीं है कि आप वहाँ पहुँच पाएँगे या नहीं।
5. आपको CPR (साँस लेना–लेना) की ट्रेनिंग दी गई है, लेकिन आपको यह नहीं सिखाया गया है कि खुद पर CPR कैसे करें।
6. जब आप अकेले हों तो हार्ट अटैक से कैसे बचें?

   क्योंकि हार्ट अटैक आने पर लोग अक्सर अकेले होते हैं, इसलिए दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है और चक्कर आने जैसा महसूस होता है, और बेहोशी होने में सिर्फ 10 सेकंड लगते हैं।
7. ऐसे समय में, कोई व्यक्ति जोर से और लगातार खांसकर खुद को बचा सकता है।

   हर बार खांसने से पहले गहरी सांस लें, और खांसी लंबी और जोरदार होनी चाहिए, जैसे फेफड़ों से कफ निकाल रही हो।
8. हर दो सेकंड में, गहरी सांस लें और इस प्रोसेस को बिना रुके जोर से खांसें कि जब तक मदद न आ जाए या हार्ट रेट नॉर्मल न हो जाए।
9. गहरी सांस लेने से फेफड़ों में ऑक्सीजन जाती है, और जोर से खांसने से दिल पर प्रेशर पड़ता है, जिससे खून बहता रहता है। यह प्रेशर दिल को फिर से नॉर्मल धड़कने में मदद करता है। इस तरह, जिन लोगों को हार्ट अटैक आया है, वे सफलतापूर्वक हॉस्पिटल पहुंच सकते हैं।
10. इस जानकारी को ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ शेयर करें। आप किसी की जान बचा सकते हैं!
11. एक कार्डियोलॉजिस्ट कहते हैंः

    अगर इस मैसेज को पढ़ने वाला हर कोई इसे 10 लोगों को फॉरवर्ड करे, तो कम से कम एक जान बच सकती है।
12. मजेदार ईमेल भेजने के बजाय, कृपया यह जान बचाने वाली जानकारी शेयर करें।
13. अगर आपको यह मैसेज बार–बार मिले, तो परेशान न होंः

    खुश रहें कि आपके ऐसे दोस्त हैं जो आपकी परवाह करते हैं और आपको फिर से याद दिलाते हैं कि हार्ट अटैक आने पर क्या करना है।

# दवाओं के बारे में जानिये

**डॉ0. एन. शिवा**
**(सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट)**
**दिग्विजय कोठारी**

प्रत्येक अंग्रेजी दवा के अंत मे एक शब्द होता है जिससे जान सकते है वह दवा किस काम आएगी

⇒ CAIN....

Xylocaine

Benzocaine

Amylocaine

Lidocaine

ये एक लोकल इनेस्थेटिक है, अर्थात ये दवाईया किसी अंग को सुन्न करने के लिए दी जाती है

⇒ MYCIN....

Azithromycin

Erythromycin

Neomycin

Strptomycin

ये एंटीबायोटिक है अर्थात इंफेक्शन के लिए दी जाती है....

⇒ OLOL...

Metaprolol

Atenolol

Esmolol

Bisoprolol

ये बीटा ब्लॉकर्स होते है, अर्थात इनका प्रयोग हाइपरटेंशन, या हार्ट अटैक /HIGH BP में करते है.!

⇒ MIDE & ZIDE...

Furosemide

Bumetanide

Benzthiazide

Chlorothiazide

ये डाइयुरेटिक्स है अर्थात यूरीन को बढ़ाती है, शरीर मे सूजन होती है या BP ज्यादा होता है उन्हें देते है...

⇒ VIR...

Acyclovir

Ritonavir

Indinavir

ये एन्टीवायरल है, अर्थात वायरस के इंफेक्शन में प्रयोग करते है.!

⇒ PAM....

Diazepam

Lorazepam

ये एंटीएंजाइटी है , अर्थात घबराहट बेचैनी नींद न आने में दी जाती है.!

⇒ STATIN..

Atorvastatin

Simvastatin

Lovastatin

इसका प्रयोग एंटी हायपर लिपिडेमिक्स में होता है अर्थात जिनका कोलस्ट्रॉल बढ़ जाता है उन्हें देते है.!

⇒ SONE..

Betamethasone

Cortisone

Dexamethasone

ये स्टेरॉइड है, अर्थात सूजन को दूर करने के लिए.!

⇒ AZOLE....

Ketoconazole

Fluconazole

Econazole

Miconazole

ये एंटीफंगल है , अर्थात फंगल इंफकेशन में दी जाती है.!

⟹ TIDINE...

Ranitidine

Cimetidine

Famotidine

Roxatidine

ये H2 रिसेप्टर ब्लोकर है, अर्थात पेट मे एसिड को कम करती है, पेप्टिक अल्सर में प्रयोग होता है

⟹ SETRON....

Ondasetron

Grenisetron

Dolosetron

5HT3 एनटागोनिस्ट होती है अर्थात उल्टी, चक्कर मे दी जाती है..

⟹ OFLOXACIN....

Ciprofloxacin

Norfloxacin

Levofloxcin

ये एंटीबैक्टीरियल है...

⟹ NIDAZOLE....

Metronidazole

Ornidazole

Tinidazole

ये एन्टीअमेबिक है

अर्थात दर्द के साथ दस्त में दी जाती है...

⟹ TRIPTAN.....

Sumatriptan

Rizatriptan

Naratripton

5HT एगोनिस्ट होती है , अर्थात माइग्रेन में दी जाती है...

⟹ PROFEN.....

Ibuprofen

Ketoprofen

Flurbiprofen

ये नॉन स्ट्रोइडल एंटी इन्फ्लामेट्री ड्रग्स होती है अर्थात सूजन, बुखार ,दर्द आदि में दिया जाता है...

⟹ PRAZOLE....

Pantoprazole

Omeprazole

Esomeprazole

Rabeprazole

ये प्रोटोन पम्प इन्हेबिटर है, अर्थात पेट मे एसिड कम करती है , और पेट मे हाइड्रोजन पोटेशियम पम्प को बन्द कर देती हैं, गेस्ट्रो सम्बन्धी पेप्टिक अल्सर में प्रयोग करते है...

⟹ GLIPTIN.....

Sitagliptin

Vildagliptin

Alogiptin

Linagliptin

DDP 4 इन्हेबिटर है, अर्थात डाइबिटीज में प्रयोग होता है।

## ‘सावधान अपने को संभालिए’



संकलनकर्ता
**राम लाल गुप्ता**
**अध्यक्ष, भावना**

**आपको क्या कम करना चाहिए?**

1. नमक
2. चीनी
3. मैदा
4. डेयरी प्रोडक्ट्स
5. प्रोसेस्ड फूड
6. बहस
7. बेवजह के झगड़े

**आपको क्या खाना चाहिए?**

1. सब्जियाँ
2. दालें
3. मूंगफली/फलियाँ
4. ड्राई फ्रूट्स
5. कोल्ड–प्रेस्ड ऑयल (ऑलिव, नारियल)
6. फल
7. कुदरत की कोई भी कड़वी चीज
8. अपने दुखों को निगलकर आगे बढ़ें

**इन चीजों को भूलने की कोशिश करें:–**

1. आपकी उम्र
2. आपका अतीत
3. आपकी शिकायतें
4. रिश्तेदारों से मिली तकलीफ

**इनका खास ध्यान रखें:–**

1. आपका परिवार
2. आपके दोस्त
3. आपके अच्छे विचार
4. एक साफ और खुशहाल घर
5. आने वाले मुश्किल समय के लिए काफी पैसे बचाना

**ये आदतें अपनाएँ:–**

1. हमेशा मुस्कुराते रहें
2. रेगुलर एक्सरसाइज करें
3. अपना वजन बनाए रखें
4. भले ही आपकी जबान मीठी न हो, लेकिन मीठा बोलना सीखें
5. दूसरों की बात सुनने की आदत डालें

**लाइफस्टाइल की छह आदतें जिन्हें आपको अपनाना चाहिए:–**

1. प्यास लगने का इंतजार न करें, रेगुलर पानी पिएँ
2. थकने का इंतजार न करें, समय पर आराम करें
3. बीमार पड़ने का इंतजार मत करिए, रेगुलर चेक–अप करवाएं
4. चमत्कार का इंतजार मत करिए
5. खुद पर विश्वास रखिए
6. हमेशा पॉजिटिव रहें और अच्छे भविष्य के बारे में सोचिए
7. एक ही जगह पर ज्यादा देर तक मत बैठिए

**सभी को स्वस्थ और खुशियों भरी जिंदगी की शुभकामनाएँ!**

## प्रबन्धकारिवाी की बैठक दिनांक 12.01.2026

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति 'भावना' की प्रबन्धकारिवाी की बैठक श्री अशोक कुमार मल्होत्रा उपाध्यक्ष द्वितीय के प्रयासों से तथा अपोलो मेडिक्स अस्पताल के सौजन्य से उनके अस्पताल के ऑडिटोरियम बेसमेंट–2 में दिनांक 12.01.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से आयोजित की गई। बैठक में प्रबन्धकारिणी के सभी निर्वाचित, मनोनीत, स्थाई सदस्यों, विशिष्ट सदस्यों, संस्थागत सदस्यों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा 12.10.2025 से दिनांक 12.01.26 तक भावना के बने सदस्यों को सपरिवार आमंत्रित किया गया था।

आयोजन में श्री विनोद कुमार शुक्ला संरक्षक, श्री रामलाल गुप्ता अध्यक्ष, श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला उपाध्यक्ष प्रथम, श्री अशोक कुमार मल्होत्रा उपाध्यक्ष द्वितीय, श्री जगमोहन लाल जायसवाल महासचिव प्रशासन, श्री प्रभात किरन चौरसिया महासचिव कार्यान्वयन, श्री सतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी, श्री राममूर्ति सिंह उपमहासचिव, श्री राजेश स्वर्णकार उपमहासचिव, 'भावना संदेश' के प्रधान संपादक श्री अमरनाथ, सम्पादक डॉ0 श्री राम सजीवन शुक्ला, कोषाध्यक्ष श्री चन्द्र शेखर आजाद, सहकोषाध्यक्ष श्री आदित्य प्रकाश सिंह, सम्प्रेक्षक श्री आर0 सी0 अग्रवाल, महिला सशक्तिरण प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती नीना अग्रवाल, ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ के सदस्य सुनील कुमार उप्रेती एवं श्री सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सदस्य श्री सुशील कुमार शर्मा, बाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ के सदस्य श्री सुभाष चन्द्र विद्यार्थी, श्री विनोद कुमार कपूर, बाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ के सदस्य श्री मुकेश सरन सी0ए0, श्री राजेश कुमार मल्होत्रा, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, श्री जी0 पी0 श्रीवास्तव, श्री प्रेम स्वरूप शर्मा, श्री टी0 पी0 सिंह, श्री अनिल कुमार गुप्ता, श्रीमती किरन गुप्ता, श्री जे0 पी0 बरनवाल श्री कृष्णा प्रसाद, श्री ए0 के0 ओझा, श्रीमती इन्द्रा ओझा, श्रीमती कीर्ति लता गुप्ता, श्रीमती सुधा चौरसिया, श्रीमती विनीता प्रसाद, श्रीमती आराधना गोयल, श्रीमती कामिनी अग्रवाल, श्री राज कुमार, श्री के0 के0 सिंह, श्री तिलक कुमार मनोचा जी उपस्थित थे। बैठक का आयोजन अपोलो मेडिक्स अस्पताल के सौजन्य से किया गया था। प्रथम सत्र में अपोलो के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कार्डियोलॉजी तथा यूरोलॉजी (प्रोस्टेट) पर व्याख्यान देने का निर्णय लिया गया–

डा0 राहुल भूषण– सर्वप्रथम डा0 राहुल जी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा हृदय रोगों पर व्याख्यान देने के लिये माइक पर आमंत्रित किया गया। डा0 साहब ने दृश्य–श्रव्य माध्यम से हृदय रोगों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा हृदय रोगों से बचने के स्वस्थ आहार और जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। डा0 साहब ने बताया कि हृदय के निम्नलिखित शत्रु होते हैं–

- तम्बाकू पीना।

- अधिक ब्लड प्रेशर।
- अधिक नमक, चीनी तथा चिकनाई युक्त पदार्थ।
- डा0 साहब ने बताया कि निम्नलिखित लक्षणों पर ध्यान दिया जाना चाहिये।
- सीने में दर्द।
- जल्दी–जल्दी साँस लेना।
- पैरों में सूजन।
- अनियमित हृदय की धड़कन।
- असामान्य थकान।

स्वस्थ हृदय पता करने के लिये 40 वर्ष से अधिक आयु होने पर निम्नलिखित जाँचें अवश्य करायी जानी चाहिए–

- रक्त का दबाव।
- रक्त शर्करा।
- कोलेस्ट्राल लेवल।
- E.C.G. / Echo (ई0सी0जी0 / इकोकार्डियोग्राम)।
- स्ट्रेस की जाँच या एन्जियोग्राफी।

और अन्त में सन्देश दिया कि–

- सदैव सकारात्मक रहें।
- खूब हँसिये तथा चिन्तायें कम करिये।
- सदैव परिवार तथा मित्रों के सम्पर्क में रहिये।
- सामाजिक गतिविधियों में अवश्य समय दें।
- सदैव सीखने तथा अन्वेषण का प्रयास करें।

डा0 साहब ने शुभकामना भी दी कि स्वस्थ हृदय ही सुखी जीवन की चाबी है इसलिये जरुरी है कि अच्छा स्वास्थ्यवर्धक खाइये, व्यस्त रहिये मस्त रहिये।

**डा0 मयंक मोहन अग्रवाल**– डा0 अग्रवाल जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा हम सब लोगों को प्रोस्टेट के संबंध में जानकारी करने हेतु माइक पर आमंत्रित किया गया। ड0 साहब ने दृश्य–श्रव्य माध्यम (Audio & Video) के द्वारा प्रोस्टेट की समस्या पर प्रकाश डाला। बताया कि प्रोस्टेट एक ग्रन्थि है जो यूरिनरी ब्लेडर से निकलने वाली पाइप को घेरे रहती है। वरिष्ठ नागरिक होने के समय के आसपास यह ग्रन्थि बड़ी होने लगती है जिससे मूत्र नली दबती है और निम्नलिखित लक्षण उत्पन्न करती है–

- पेशाब की आवृति में वृद्धि।
- पेशाब को नियंत्रित करना मुश्किल।
- रात में पेशाब के लिये जागना।
- प्रवाह पहले की तुलना में धीमा है।
- प्रवाह शुरु करना मुश्किल होता है।
- धार रुक–रुक कर आती है।
- पूर्णतः खाली न होने की अनुभूति।

ऐसे लक्षण उत्पन्न होने पर शीघ्र ही निदान का प्रयास करना चाहिये। प्रोस्टेट की चिकित्सा के लिये P.S.A. तथा उसकी साइज और ब्लेडर की क्षमता चेक की जाती है। P.S.A. 4 से अधिक होने पर चिन्ताजनक होता है और प्रोस्टेट कैंसर की संभावना होती है। कैंसर युक्त हो जाने पर Prostate का Radiation Therapy से इलाज किया जाता है और आवश्यकता होने पर इसे ओपन, लेप्रोस्कोपिक या रोबोट सर्जरी द्वारा इलाज किया जाता है।

दोनों डॉक्टरों के व्याख्यान के बाद समय अधिक हो जाने के कारण अस्पताल की ओर से की गई लंच की सुन्दरतम व्यवस्था का आनन्द लिया गया तथा द्वितीय सत्र में भावना की प्रबन्धकारिणी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय, संरक्षक महोदय तथा उपाध्यक्ष प्रथम एवं द्वितीय को आसन ग्रहण कराया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष महोदय ने की तथा संचालन महासचिव प्रशासन ने किया। बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार है–

**भावना की प्रबन्धकारिवी की बैठक की कार्यवाही**

1. अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया और अपनी व्यस्तता के उपरान्त भी समय निकाल कर बैठक में भाग लेने हेतु सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया। तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश के अनुपालन में, महासचिव प्रशासन द्वारा विचारार्थ निर्धारित, एजेन्डा बिन्दुवार प्रस्तुत किया गया।
2. महासचिव प्रशासन द्वारा, दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुई प्रबन्धकारिणी की बैठक का एजेन्डा पढ़कर सुनाया गया जिसमें किसी सदस्य द्वारा प्रेषित टिप्पणी में अनर्गल आरोप लगाने का उल्लेख किया गया था। इस पर श्री विनोद कुमार शुक्ला संरक्षक द्वारा इंगित किया गया कि किसी भी सम्मानित सदस्य के लिये अनर्गल शब्द का प्रयोग उचित नहीं है जिस पर महासचिव प्रशासन ने सहमति जताई और भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने देने का आश्वासन दिया। सभा ने सर्वसम्मति से रिपोर्ट की संस्तुति देते हुए करतल ध्वनि के साथ उक्त कार्यवाही को अनुमोदित किया।

3. संस्था के आर्थिक सुधार करने के लिये पूर्व में लिये गये निर्णय कि प्रबन्धकारिणी के प्रत्येक पदाधिकारी द्वारा विशिष्ट सदस्य कम से कम दो सदस्य बनाने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श में महासचिव प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस वर्ष में अभी तक विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा 08 विशिष्ट सदस्य, 22 आजीवन सदस्य, 25 स्पाउस सदस्य, 01 संस्थागत सदस्य बनाये गये हैं। यद्यपि सदस्यता अभियान की प्रगति संतोषजनक है यदि इस अभियान की निरंतरता बनी रहे तो उचित होगा। जिन पदाधिकारियों का इस अभियान में योगदान नहीं हो पाया है उनसे भी इसमें प्रगति हेतु अनुरोध किया गया।

4. भावना के विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक/सचिव द्वारा कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ द्वारा लखनऊ व आसपास के जनपदों के 19 विद्यालयों के 144 विद्यार्थियों को वर्ष 25–26 में अध्ययन हेतु शिक्षा सहायता की प्रथम किश्त वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त हाई स्कूल व इण्टर में सर्वोत्कृष्ट व सर्वोत्तम स्थान पाये विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं स्नातक में अध्ययनरत तीन विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा सहायता राशि वितरित की गई है। एक विद्यार्थी को बी.ई. की शिक्षा तथा एक छात्र को पालीटेक्निक शिक्षा हेतु भी धनराशि वितरित की गई।

संयोजक निर्धन जन सेवा व ग्राम्यांचल प्रकोष्ठ से प्राप्त सूचना के अनुसार अब तक विभिन्न गाँवों में 5 अदद शिविर लगाकर निर्धन व असहाय वृद्ध/विधवा व विकलांग जनों को 497 अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किये जा चुके हैं।

5. भावना द्वारा दिनांक 14 दिसम्बर 2025 को मोहिबुल्लापुर के बाल निकुंज इण्टर कॉलेज के प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक और प्रफुल्लित वातावरण में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विधाओं के डॉक्टरों द्वारा सेवायें प्रदान की गई। अनेक जाँचें निःशुल्क की गई तथा प्रत्येक रोगी को डॉक्टर के पर्चे के अनुसार एक सप्ताह/दस दिन की दवायें भी निःशुल्क दी गईं।

चिकित्सा शिविर की विस्तृत रिपोर्ट महासचिव प्रशासन द्वारा पढ़कर सुनाई गई जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की और सफल आयोजन हेतु आयोजकों को धन्यवाद देते हुए करतल ध्वनि से रिपोर्ट को अनुमोदित किया।

6. सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया कि भावना का महाधिवेशन दिनांक 23 फरवरी 2026 दिन सोमवार को प्रातः 10:30 बजे इंजीनियर्स भवन में आयोजित किया जायेगा। महासचिव प्रशासन लंच एवं हॉल के आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

7. **भावना की शाखाओं की समीक्षा**– भावना की लखनऊ से बाहर की शाखाओं के किसी प्रतिनिधि के उपलब्ध न होने के कारण इस पर विचार विमर्श नहीं हो सका।

8. **एन. सी. आर. नोएडा में वृद्धाश्रम के निर्माण पर विचार**– भावना प्रबन्धकारिणी की

गत बैठक दिनांक 12 अक्टूबर 2025 में नोएडा शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया था कि वृद्धाश्रम के निर्माण हेतु भावना की संस्थागत सदस्य एडवावटे रियल्टी इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबन्ध किया गया है। उनके द्वारा अनुबन्ध की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। अनुबन्ध के पठन के पश्चात् अनेक सदस्यों द्वारा कई आशंकायें व आपत्तियाँ प्रस्तुत की गई। इन सब पर विस्तृत विचार–विमर्श के अन्तर में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री सुधीर कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई जिससे अपेक्षा की गई कि सम्यक विचारोपरान्त अपनी संस्तुतियों सहित 15 दिवस के अन्दर रिपोर्ट अध्यक्ष जी को उपलब्ध करा दी जानी है।

आज की बैठक में श्री सतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी ने अवगत कराया कि अभी तक इस कमेटी की एक भी बैठक नहीं हुई है ऐसा प्रतीत होता है कि इस पर अभी तक शून्य कार्य हुआ है। अतः इस अनुबन्ध को निरस्त माना जाय। महासचिव प्रशासन द्वारा सूचित किया गया कि शर्मा जी ने स्वयं अवगत कराया है कि पार्टी ने सिक्योरिटी इत्यादि नहीं जमा की थी इसलिए वह अनुबन्ध निरस्त कर दिया गया है।

9. फरवरी 26 में आयोजित किये जाने वाले महाधिवेशन में होने वाले व्यय की आंशिक पूर्ति हेतु महासचिव प्रशासन ने प्रस्तावित किया कि प्रबन्धकारिणी के प्रत्येक सदस्य से रू. 500/– इस मद में लिया जाय जिसमें से अनुदान देने वाले सदस्यों को कुछ गिफ्ट भी दिया जाय। श्री डी0 एस0 शुक्ला उपाध्यक्ष प्रथम ने कहा कि इसमें से किसी सदस्य को कोई गिफ्ट न दिया जाय। श्री एस0 के0 शर्मा सदस्य ने कहा कि महाधिवेशन के पंजीकरण शुल्क को रू0 200 से बढ़ाकर अधिक कर दिया जाय। इस पर सहमति नहीं बनी। कई सदस्यों ने कहा कि पंजीकरण शुल्क बढ़ाने से अधिवेशन में आने वाले सदस्यों की संख्या में कमी आने की आशंका है। श्री डी0 एस0 शुक्ला उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रबन्ध कार्यकारिणी के सभी सदस्य रू0 500/– प्रति व्यक्ति दे दें चाहे वे आयें या न आयें। श्री सतपाल सिंह ने जानना चाहा कि इससे अधिवेशन का व्यय पूरा हो जायेगा या नहीं। महासचिव प्रशासन द्वारा बताया गया कि इससे व्यय की आंशिक प्रतिपूर्ति ही हो पायेगी। पूर्ण व्यय की नहीं। कुछ सदस्यों ने कहा कि जो सदस्य रू0 500/– दे दें उनसे अधिवेशन में पंजीकरण शुल्क न लिया जाय। इस पर श्री विनोद कुमार शुक्ला, संरक्षक ने कहा कि इस हेतु अध्यक्ष को अधिकृत कर दिया जाय अथवा कोर कमेटी की बैठक कर निर्णय किया जाय।

10. भावना के वास्तविक आय–व्यय तथा प्रस्तावित बजट की संक्षिप्त रूपरेखा कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई और विस्तृत आय–व्यय का ब्यौरा महाधिवेशन में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।

11. प्रमुख महासचिव के बैठक में उपलब्ध न होने के कारण उनके द्वारा महाधिवेशन में प्रस्तुत किये जाने वाले वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा नहीं हो सकी।

12. भावना के अध्यक्ष श्री राम लाल गुप्ता ने बताया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा जिसमें केन्द्र में शिक्षारत बच्चों को स्वेटर तथा उनके अभिभावकों को नये ऊनी कम्बल व शिक्षक व आचार्य को स्वेटर व शाल वितरित किये जायेंगे। श्री सतपाल सिंह महासचिव एडवोकेसी ने सूचित किया कि श्री विनोद कुमार शुक्ला संरक्षक महोदय ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागिता करना सहर्ष स्वीकार किया है। अध्यक्ष जी ने सभी को इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया।

एजेन्डा के सभी बिन्दुओं पर विचार विमर्श के उपरान्त श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला उपाध्यक्ष प्रथम द्वारा श्री अशोक कुमार मल्होत्रा जी, जिनके सदप्रयास और सौजन्य से अपोलो हास्पिटल के प्रबन्धन ने अति उचित और प्रशंसनीय व्यवस्था की, को हार्दिक आभार और धन्यवाद प्रकट किया। सभी आये हुए सदस्यों को उनकी सदाशयता पूर्ण उपस्थिति और सभा कार्यवाही में सक्रिय योगदान हेतु आभार सहित धन्यवाद दिया। अस्पताल के प्रबन्धन को अति उत्तम व्यवस्था हेतु आभार तथा अस्पताल के कर्मचारियों ने गर्म व अच्छा भोजन कराया इसके लिये उनको भी भावपूर्ण धन्यवाद दिया।



जगमोहन लाल जायसवाल
महासचिव प्रशासन

## वास्तु ज्ञान और हम



**अशोक अग्रवाल**
**आर्किटेक्ट एवं वास्तु विशेषज्ञ**
**मो0 : 9453082496**

